BHOPAL, SATURDAY, 03/11/2018 . IV

city भास्कर

सिटी ACTIVITY

फेस्टिवल ऑफ डेमोक्रेसी में नुक्कड़ नाटक और रैली

हमीदिया महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के वॉलिंटियर्स ने लोगों को वोटिंग के लिए किया जागरुक

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

मध्यप्रदेश के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हमीदिया महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रदेशभर में चल रहे फेस्टिवल ऑफ डेमोक्रेसी 2018 के अंतर्गत वॉलेंटियर्स ने हमीदिया कॉलेज से भोईपुरा बस्ती, काली मंदिर तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। इसके बाद नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नाटक के माध्यम से वालेंटियर्स ने दारू से ना नोट से देश बदलेगा वोट से..., घर में हो शादी या लगा हो टेंट, इस बार मतदान करेंगे सौ परसेंट जैसे नारों के माध्यम से मतदाताओं को उनके वोट का महत्व बताया। रैली में 120 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पीके जैन, जिला संगठक डॉ आर एस नरवरिया द्वारा मतदान की शपथ भी दिलाई गई । इस अवसर पर कार्यक्रम में अधिकारी डॉ आर पी शाक्य सहित कैंपस एंबेसडर शुभम चौहान मौजूद रहे।

Bhopal . Saturday
03/11/2018

पत्रिका CITY LIVE

नुक्कड़ नाटक से बताया मतदान का महत्व

भोपाल. हमीदिया महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रदेशभर में चल रहे फेस्टिवल ऑफ डेमोक्रेसी 2018 के अंतर्गत एनएसएस वॉलिंटियर्स ने हमीदिया कॉलेज से भोईपुरा बस्ती, काली मंदिर तक मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें 120. स्वयंसेवक शामिल हुए। इसके बाद बस्ती में ही नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। जिसके माध्यम से वालेंटियर्स ने "दारू से ना नोट से, देश बदलेगा वोट से" जैसे नारों के माध्यम से मतदाताओं को उनके वोट का महत्व बताया।

स्लोगन के साथ तदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया और प्रत्याशी कैसे चुनें इसकी जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पीके जैन, जिला संगठक डॉ आर एस नरवरिया द्वारा शतप्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

सत्ता भोपाल सुधार

भोपाल, शुक्रवार, 02 नवंबर 2018

फेस्टिवल ऑफ डेमोक्रेसी के तहत नुक्कड़ नाटक एवं रैली का आयोजन

'दारू से ना नोट से, देश बदलेगा वोट से' 'घर में हो शादी या लगा हो टेंट, इस बार मतदान करेंगे सौ परसेंट' जैसे वाक्यों ने लोगों को किया जागरूक

सत्ता सुधार|भोपाल

मप्र के 62 वां स्थापना दिवस पर हमीदिया कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत प्रदेशभर में चल रहे 'फेस्टिवल ऑफ डेमोक्रेसी 2018' के अंतर्गत एनएसएस वॉलिंटियर्स द्वारा हमीदिया कॉलेज से भोईपुरा बस्ती,काली मंदिर तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसके उपरांत बस्ती में ही मंदिर के समीप नुक्कड़ नाटक किया गया । नाटक के माध्यम से वालेंटियर्स ने 'दारू से ना नोट से, देश बदलेगा वोट से' 'घर में हो शादी या लगा हो टेंट,इस बार मतदान करेंगे सौ परसेंट' जैसे नारों के माध्यम से मतदाताओं को उनके वोट का महत्व बताया।

प्रेरक स्लोगन से किया बुजुर्ग एवं दिव्यांग को प्रेरित : इसके साथ ही नैतिक मतदान तथा अपना प्रत्याशी कैसे चुने इसकी जानकारी दी गई। दादा हाथ पकड़ कर ले चलूंगा बूथ पर, लोकतंत्र की जिम्मेदारी है हम यूथ पर जैसे प्रेरक स्लोगन के साथ बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।